उत्तराखण्ड सरकार




# त्रिवेन्द्र सिंह रावत

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड का अभिभाषण

**उत्तराखण्ड सरकार**

Namaskar !

I extend a warm welcome to you all at the Himalayan States Conclave being held at Mussoorie in Devbhoomi Uttarakhand. Indeed it is a proud privilege for Uttarakhand to host this event which has participation from the highest level dignitaries from the political and administrative set up of the Government of India, State governments, 15th Finance Commission, NITI Ayog among others.

Our States fall in the Himalayan region and have similar Geographical and identical economic conditions. Although we have been receiving active support of Central Government, NITI Ayog, various Ministries of the Government of India, the Himalayan States Conclave provides a platform for interaction, exchange of views and discussion on common issues which could be raised to the highest authorities for resolution.

The mighty Himalayas is not merely a geographical structure but a origin of civilizations, culture, heritage, philosophy and are important for the entire country as a whole.

Himalayan States comprise roughly 16.2 percent of the total land area of our country and most of the area is snowbound, covered by glaciers and forests. These glaciers are the source of water of the mighty rivers originating from the Himalayas. These rivers also benefit large population of the plain areas of the country and so aptly our States are defined as **Water Towers** of the nation. These rivers apart from catering to major drinking water requirements of the country also provide irrigation for agriculture and are a source of hydropower generation.

The drinking water needs of the country are ever increasing and many cities are facing acute water crisis. We have recently witnessed some cities being supplied water through tankers and trains and the situation is likely to worsen in the near future, if immediate steps are not taken to tackle this problem. NITI Ayog, in its 2018 report, has also stressed the need for water conservation. It is high time that we all come together to save and conserve this precious resource of the country, not just for the well being of the present generation but also for the future generations too. Let us work towards saving every drop of water to make the dream of Hon'ble Prime Minister come true. There is therefore an urgent requirement for formulation of policies at the central level for achieving this noble aim.

We are also grateful to Hon'ble Prime Minister who has formed the Ministry of Jal Shakti so that concerted efforts can be made to handle this mammoth task. Most of the ancient civilizations of the North have been along the Himalayan rivers which are a collective resource, so there is a need for central policies for the rejuvenation, preservation and conservation of the Himalayan rivers and this should be on the top priority of the Government of India.

. Himalayan States are repository of most of the priceless wealth of forest reserves. Himalayas are also the resources for fuel wood and timber, minerals, fodder, resins, plant fibres, medicines etc., The Himalayan Ecosystem is indispensable for ecological and environmental protection and needs to be protected and conserved for the overall benefit of mankind.

Pollution today is an area of major concern and any developmental activity has to be green and sustainable and not at the cost of the next generation. Some of the Indian cities are amongst the list of most polluted cities of the world. The Himalayan green cover provides unparalleled resource as a sink for atmospheric carbon dioxide, which is increasing due to various activities. Major portion of the Carbon dioxide sink and bio-diversity targets of the country are being met by the Himalayan States. Therefore Himalayan States are making an important contribution towards the goal of INDC (Intended Nationally Determined Contributions) as per the Paris Agreement and we are committed to help in preserving our environment. We request the Government of India to nudge all States to meet these targets and the Government of India should accordingly incentivize the Himalayan States for their invaluable contribution of ecosystem services so that we can maintain our ecosystems.

The Himalayan States attract a large number of domestic and international tourists who are inspired for leisure tourism, adventure tourism, spiritual healing (body and soul), wild life tourism and wellness tourism. The wellness and tourism industry has become one of the biggest industry internationally and our Hon'ble Prime Minister and Finance Minister have laid out a vision for accelerated economic development by 2025 and in this, the fastest growing area of wellness and tourism in the Himalayan States will be a major contributor.

With the available limited infrastructure, most of the cities in the Himalayan States will not be able to meet the high influx of tourists in coming times. They will need to be ready with their long term infrastructure roadmap as present

infrastructure is inadequate and there is immediate need to upgrade the same. These activities are not possible with the limited resources of the States, so the Government of India should provide suitable grants and incentives to Himalayan States. The States will have to be in sync with the broader vision envisaged by the Hon'ble Prime Minister for this sector. As carrying capacity of existing destinations is limited, new destinations in the Himalayas will have to identified and we will have to develop them as vibrant, well planned and economically viable and at the same time reflecting the ethos of the Himalayan States. These will attract lot of foreign tourists and thereby help in earning valuable foreign exchange and providing livelihood to local population.

As all of you are aware that the problems of disasters, deficient infrastructure, low economic activity, migration, strengthening international borders, climate change are main issues staring at the Himalayan States. GST is a major revenue source of our States and as our resource are limited therefore GST reimbursement should continue till the full *term* of the $15^{th}$ Finance Commission. This is the right time that we should work towards a common agenda to address these issues so that we can build a prosperous and sustainably developed Himalayan region, which in turn will spur as an economic incentive for the development of the country as a whole.

It is a glorious moment today that we have come together. Let us all work together towards the overall progress of the Himalayan region and the progress of the nation.

Thank you.

Jai Hind.

नमस्कार !

मैं, मसूरी देवभूमि उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले हिमालयी राज्यों के इस सम्मेलन में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। उत्तराखण्ड के लिए इस आयोजन की मेजबानी करना गर्व का विषय है, जिसमें भारत सरकार, राज्य सरकारों, 15वें वित्त आयोग, नीति आयोग के राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के प्रसिद्ध गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी है।

हमारे राज्य हिमालयी क्षेत्र में आते हैं एवं हमारी भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियां भी समान हैं। यद्यपि हमें केन्द्र सरकार, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व नीति आयोग का सकारात्मक समर्थन प्राप्त होता रहा है, तथापि हिमालयी राज्य सम्मेलन समान विषयों पर चर्चा, विचारों के आदान–प्रदान आदि के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिससे इन विषयों को उनके समुचित समाधान हेतु उच्च स्तर पर रखा जा सके।

हिमालय एक भौगोलिक संरचना मात्र नहीं है, बल्कि विभिन्न सभ्यताओं, संस्कृति, विरासत एवं दर्शन की उत्पत्ति का आधार है और यह आयाम सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

हिमालयी राज्यों के अंतर्गत हमारे देश के कुल भू–भाग का लगभग 16.2 प्रतिशत है, जिसमें से अधिकांश हिस्सा ग्लेशियरों व जंगलों से आच्छादित है। ये ग्लेशियर राष्ट्र के प्रमुख जल स्त्रोत है। हिमालय की अनेक बड़ी नदियां इन ग्लेशियरों से निकलती हैं, जो देश के मैदानी क्षेत्रों की बड़ी आबादी को लाभांवित करती हैं, इसलिए यह उपयुक्त ही है कि हमारे राज्यों को राष्ट्र के जल स्तम्भ के रूप में परिभाषित किया जाता है। ये नदियां न केवल पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करती हैं बल्कि कृषि योग्य भूमि को भी उपजाऊ बनाती हैं एवं साथ ही जल विद्युत उत्पादन का महत्वपूर्ण स्त्रोत भी हैं।

हमारी पेयजल की आवश्यकताऐं लगातार बढ़ती जा रही हैं और देश के कई शहर तीव्र जल संकट का सामना कर रहें हैं। हम हाल में ही कुछ शहरों में टैंकर एवं ट्रेनों के माध्यम से जलापूर्ति के साक्षी हैं। यदि जल संरक्षण एवं संर्वधन के लिए हमने रचनात्मक कदम नहीं उठाये तो भविष्य में इस प्रकार के संकटों की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। नीति आयोग ने भी अपनी 2018 की रिपोर्ट में जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। यह सही समय है कि वर्तमान एवं भविष्य की हमारी पीढ़ियों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मा0 प्रधानमंत्री जी के जल की एक–एक बूंद बचाने के संकल्प को सार्थक बनाने हेतु देश के इस अनमोल संसाधन को बचाने एवं संरक्षित करने के लिए हम एक साथ आयें। इस महान संकल्प की प्राप्ति हेतु जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए केन्द्रीय स्तर पर नीतियों के निर्माण की आवश्यकता है।

हम मा0 प्रधानमंत्री जी के आभारी है जिन्होंने जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया है। हमारा अनुरोध है कि जल संरक्षण और संवर्धन की नीतियां भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हो एवं इसके लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किया जाय। उत्तर भारत की अधिकांश प्राचीन सभ्यताओं का विकास हिमालयी नदियों के तटों पर हुआ है, इस प्रकार ये नदियां एक

राष्ट्रीय धरोहर हैं। अतः समुचित बजट प्राविधानों के साथ हिमालयी नदियों के पुर्नजीवीकरण एवं संरक्षण हेतु केन्द्रीय नीतियों की आवश्यकता है।

देश की अमूल्य वन सम्पदा का अधिकांश भाग हिमालयी राज्यों में है। हिमालय क्षेत्र, ईंधन एवं इमारती लकड़ी, खनिज, चारा, औषधीय जड़ी–बूटियों आदि का मुख्य स्त्रोत है। हिमालयी इकोसिस्टम भारतीय क्षेत्र की पारिस्थितिक एवं पर्यावरणीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रदूषण आज एक चिन्ता का विषय है। किसी भी विकासात्मक गतिविधि को हमारे देश की भावी पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए। हमारे देश के कुछ शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में सम्मिलित हैं। हिमालय हरित क्षेत्र वायुमण्डलीय कार्बन डाई आक्साईड जो कि विभिन्न मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ रही है, के सिंक (निक्षेप) हेतु अद्वितीय संसाधन है। देश की कार्बन डाई–आक्साईड सिंक एवं जैव विविधता के लक्ष्य में हिमालयी राज्यों का अभूतपूर्व योगदान है। इस प्रकार हम पेरिस समझौते के अंतर्गत आई0एन0डी0सी0 (Intended Nationally Determined Contributions) के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं एवं भविष्य में भी इस हेतु प्रतिबद्ध हैं। हमारा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि हिमालयी राज्यों को उनके इस योगदान के लिए प्रोत्साहित करे एवं साथ ही इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अन्य राज्यों को भी प्रेरित करे, जिससे हम अपने अमूल्य पारिस्थितिक तंत्र का अनुरक्षण कर सकें।

हिमालयी राज्य बड़ी संख्या में Leisure Tourism, साहसिक पर्यटन, आध्यात्मिकता, वन्य जीव पर्यटन एवं वैलनेस हेतु घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आर्कषण का केन्द्र हैं। वर्तमान समय में वैलनेस एवं पर्यटन विश्व स्तर पर प्रमुख उद्योगों में सम्मिलित हैं। हमारे मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक आर्थिक विकास की जो परिकल्पना की गई है उसमें हिमालयी राज्यों में वैलनेस और पर्यटन का मुख्य योगदान होगा।

हिमालयी राज्यों के अधिकांश शहर अपनी सीमित अवस्थापना सुविधाओं के कारण आने वाले समय में पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या को धारण नहीं कर पायेंगे। उन्हें अपने दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे के रोडमैप के साथ तैयार रहने की आवश्यकता होगी। वर्तमान बुनियादी ढांचे के अपर्याप्त होने के कारण इसके सुधार की नितान्त आवश्यकता है। उपरोक्त कार्य राज्यों के सीमित संसाधनों के कारण सम्भव नहीं हैं। अतः केन्द्र सरकार द्वारा हिमालयी राज्यों को अनुदान एवं प्रोत्साहन दिया जाना होगा। हिमालयी राज्यों को, मा0 प्रधानमंत्री जी की इस क्षेत्र के विकास के लिए परिकल्पित व्यापक दृष्टि के साथ तालमेल स्थापित करना होगा। हिमालयी राज्यों के पर्यटन स्थलों की सीमित धारण क्षमता के दृष्टिगत राज्यों को नये पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उनका सर्वांगीण विकास एवं इन नवीन स्थलों को हिमालयी संस्कृति को अपनाते हुए आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना होगा। ये स्थल काफी संख्या में अंतराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर बहुमूल्य विदेशी मुद्रा अर्जन के साथ–साथ स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका के साधन सिद्ध होंगे।

आप अवगत ही हैं कि हिमालयी राज्यों में आपदा, सीमित अवस्थापना सुविधायें, सीमित आर्थिक गतिविधि, पलायन, अंतरराष्ट्रीय सीमा का सुदृढ़ीकरण, जलवायु परिवर्तन आदि प्रमुख

मुद्दे हैं। GST हमारे राज्यों के राजस्व का मुख्य स्त्रोत है, चूंकि हमारे संसाधन सीमित है, अतः GST की प्रतिपूर्ति 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल के पूर्ण होने तक की जानी चाहिए। यह सही समय है कि हम सबको इन मुद्दों के समाधान के लिए एक सांझे एजेण्डे पर कार्य करना चाहिए ताकि हम एक समृद्ध एवं सतत् विकसित हिमालयी क्षेत्र का निर्माण कर सकें। हिमालयी क्षेत्र पूरे देश के विकास के लिए एक आर्थिक प्रेरणा सिद्ध होगा।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हम सब एक साथ मिलकर हिमालय क्षेत्र एवं राष्ट्र की प्रगति की ओर कार्य करेंगे।

धन्यवाद।

जय हिन्द।